आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail.com Ph.: 0141-2706550

क्रमांकः– F4(VIVIDH)/CCE/2024-13761

प्राचार्य,
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

विषयः– संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियों/कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निम्नलिखित गतिविधियों/कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है।

1. महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिनांक 26.11.2024 से 26.01.2025 तक राजभवन एवं अन्य स्थानों पर संविधान पार्को का भ्रमण करवाया जाये।
2. संविधान दिवस 26.11.2024 को महाविद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक रूप से प्रातः 11:00 बजे संविधान की प्रस्तावना का पठन किया जाये।
3. संविधान दिवस 26.11.2024 को महाविद्यालयों में पंच प्राण रंगोत्सव (पोस्टर–मेकिंग) और पंच प्राण अनुभव (रील–मेकिंग), वाद–विवाद प्रतियोगिता, समाज/राष्ट्र में लोकतांत्रिक मूल्य तथा राष्ट्र की एकता और अखंडता इत्यादि पर निबंध लेखन आयोजित किये जाये।
4. संविधान दिवस 26.11.2024 को महाविद्यालयों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जायें और विजताओं को प्रमाण पत्र दिये जाये। विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सोशल मीडिया, वेबसाईट, मीडिया, व्हाट्सएप ग्रुप पर जानकारी साझा की जाए।
5. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को "स्टेच्यू ऑफ यूनिटी" प्रेरणा भ्रमण हेतु भेजा जाए।
6. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार पटेल के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रसारण भी किया जाये।
7. राजकीय महाविद्यालयों के इतिहास/राजनीतिक विज्ञान एवं अन्य विभागों में सरदार पटेल के जीवन एवं भारत के निर्माण में उनके योगदान पर शोध एवं पी.एच.डी. को प्रोत्साहित किया जाये।
8. सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सरदार पटेल की जीवनी पर पुस्तकें महाविद्यालय पुस्तकालयों में मंगवाई जाये।

अतः समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देशित किया जाता है कि वे महाविद्यालयों उपरोक्त गतिविधियों/कार्यक्रमों का भव्य आयोजन कर मय जिओ टैग फोटोग्राफ्स एवं उनकी गूगल ड्राइव लिंक (एक्सेस प्रदान करते हुए) आयुक्तालय की ई–मेल आई.डी cceacademic2024@gmail.com पर आवश्यक रूप से प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

(सुनील भाटी)
अतिरिक्त आयुक्त

प्रतिलिपि –

1. विशिष्ट सचिव, माननीय उप–मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर।
3. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
4. शासन उप सचिव प्रथम, उच्च शिक्षा (ग्रुप–3) विभाग, जयपुर।
5. निजी सचिव, अति. आयुक्त कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर।
6. समस्त संयुक्त निदेशक, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
7. समस्त सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा राजस्थान।
8. वेबसाईट प्रभारी को अपलोड करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

RajKaj Ref
11928843

(सुनील भाटी)
अतिरिक्त आयुक्त

Signature valid
Digitally signed by Sunil Bhati
Designation : Additional Commissioner
Date: 2024.11.21 20:47:11 IST
Reason: Approved